प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II) का कार्यालय, केरल, तिरुवनतपुरम
Office of the Prl.Accountant General (Audit II), Kerala, Thiruvananthapuram

सं.प्रमले (लेप-II)/हिंदी कक्ष /निमलेप/फीडबैक प्रतियोगिता /25-2024
दिनांक:21-02-2025

परिपत्र / Circular No.45

विषय: 'हिंदी शब्द सिंधु' शब्दकोश के लिए फीडबैक प्रतियोगिता का आयोजन
Sub: Conducting of feedback competition for 'Hindi Shabd Sindhu Dictionary' - reg

वर्तमान परिदृश्य में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के महत्व को ध्यान में रखते हुए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा विकसित बृहत् एवं समावेशी डिजिटल शब्दकोश 'हिंदी शब्द सिंधु' हिंदी को तकनीकी दृष्टि से समृद्ध बनाने की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है । हिंदी शब्द सिंधु (https://hindishabdsindhu.rajbhasha.gov.in) में विभिन्न विषयों– जनसंचार, आयुर्वेद, खेलकूद, अंतरिक्ष विज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, वैमानिकी, कंप्यूटर विज्ञान, इलक्ट्रोनिक्स, भू-गर्भ शास्त्र, मानविकी आदि से संबंधित शब्दावली के साथ-साथ पारंपरिक शब्दावली को भी समाहित किया जा रहा है । देश की अन्य भाषाओं के शब्दों से हिंदी को समृद्ध करने की दृष्टि से इसमें अन्य भारतीय भाषाओं के शब्द भी शामिल किए गए हैं ।

सभी पदाधिकारियों से आग्रह है कि अपने दैनंदिन कार्यों में हिंदी शब्द सिंधु का अधिक से अधिक प्रयोग करें । यदि किसी प्रविष्टि के अर्थ अथवा अन्य विवरण में किसी भी प्रकार के सुधार/सुझाव की आवश्यकता प्रतीत होती है तो हिंदी शब्द सिंधु में प्रविष्टि के सामने दिए सुझाव टैब पर क्लिक करके नाम और ईमेल आईडी के साथ फीडबैक दर्ज कर सकते हैं । राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 15 जनवरी 2025 से 30 जून 2025 के दौरान शब्दकोश के पोर्टल पर न्यूनतम 100 शब्दों / प्रविष्टियों पर उपर्युक्त फीडबैक देने वाले प्रयोक्ताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा । प्रतियोगिता का परिणाम जूलाई 2025 के प्रथम सप्ताह में राजभाषा विभाग की वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा । प्रतियोगिता की अवधि के समय किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए राजभाषा विभाग के तकनीकी अनुभाग से 011-23438150 अथवा हिंदी शब्द सिंधु 011-23438210 पर संपर्क किया जा सकता है ।

Keeping in view the importance of information and communication technology in the present scenario, the vast and inclusive digital dictionary 'Hindi Shabd Sindhu' developed by the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs is a significant step taken towards enriching Hindi from the technological point of view. Hindi Shabd Sindhu (https://hindishabdsindhu.rajbhasha.gov.in) includes terminology related to various subjects like Mass Communication, Ayurveda, Sports, Space Science, Physics, Chemistry, Biology, Aeronautics, Computer Science, Electronics, Geology, Humanities etc. as well as traditional terminology. With a view to enrich Hindi with words from other languages of the country, words from other Indian languages have also been included in it.

All officials are requested to utilize Hindi Shabd Sindhu as much as possible in your routine work. If any kind of improvement/ suggestion is required in the meaning or other details of any entry, then you can enter the feedback along with name and email id by clicking on the suggestion tab given in front of the entry in Hindi Shabd Sindhu. A certificate of Appreciation will be awarded by the

Department of Official Language to the users who provide above feedback on at least 100 words/entries in the Shabdkosh portal during the period from 15th January 2025 to 30th June 2025. The result of the competition will be uploaded on the website of the Dept. of Official Language in the first week of July 2025. For any kind of technical assistance during the competition period, the Technical Section of the Official Language Department can be contacted on 011-23438150 or Hindi Shabd Sindhu on 011-23438210.

(महालेखाकार के आदेशानुसार जारी)

Digitally signed by
S S Kannan
Date: 21-02-2025
17:20:11

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/ हिंदी कक्ष

सेवा में

1. सभी अनुभाग/ All Sections, Main Office
2. शाखा कार्यालय, तृशूर / Branch Office, Thrissur